an>

Title: Need to expedite setting up of the proposed 342 MW power project in Datia district, Madhya Pradesh.

डॉ. भागीरथ प्रसाद : महोदय, मध्य प्रदेश के जिला दतिया के भांडेर (तहसील) में नेप्था में 342 मेगावाट विद्युत परियोजना मैसर्स एस्सार पॉवर (ग्वालियर) लिमिटेड, मुम्बई को कारखाना लगाने के लिए भारत सरकार से समझौता दिनांक 14 सितम्बर, 1995 में हुआ था। दिनांक 5 मार्च, 1998 को परियोजना की लागत 1116 करोड़ रुपये स्वीकृत हुई। उक्त परियोजना में भांडेर के 112 गरीब किसानों की 150 हेक्टेयर कृÂिा भूमि का अधिग्रहण उक्त कम्पनी द्वारा किया गया था तथा विद्युत परियोजना में कृÂाकों के प्रत्येक परिवार से एक सदस्य को नौकरी देना का तय हुआ था। आज 17 साल बीत चुके हैं, योजना का क्रियान्वयन नहीं हुआ है, 150 हेक्टेयर जमीन आज भी कंपनी के पास है, उस क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी है। किसानों की जमीन छीन लिए जाने से संकट की स्थिति बढ़ी है। विद्युत सप्लाई भी बहुत कमजोर है। ऐसी अन्यायपूर्ण स्थिति में भारत सरकार के माननीय ऊर्जा मंत्री से अनुरोध है कि उक्त परियोजना का क्रियान्वयन यथाशीघ्र कराया जाए और 150 हेक्टेयर उपलब्ध भूमि में वैकल्पिक योजना बनाई जाए जिससे उस क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके और इस पिछड़े क्षेत्र का विकास हो सके।